मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के रजिस्ट्रार, प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी, लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, नेपाल में विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त

नई दिल्ली, 2 सितंबर, 2025

विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सम्मान की बात है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के रजिस्ट्रार, प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी को लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, नेपाल के साउथ एशिया सेंटर फॉर पीस रिसर्च एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस केंद्र का मिशन दुनिया भर में शांति निर्माण, कूटनीति, क्षेत्रीय सहयोग और सतत विकास पर अनुसंधान को सुदृढता और बढ़ावा देना है।

लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, नेपाल में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में शामिल होकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रो. रिज़वी ने कहा, "मैं शांति निर्माण को आगे बढ़ाने, क्षेत्रीय सहयोग, कूटनीति और सतत विकास को बढ़ावा देने के इस अवसर के लिए आभारी हूँ।"

प्रो. रिज़वी एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, स्कॉलर और एडमिनिस्ट्रेटर हैं, जिनके पास 20 वर्षों से अधिक का शिक्षण और शोध अनुभव है। उन्होंने 12 मार्च, 2025 को पाँच वर्षों की अवधि के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नियमित रजिस्ट्रार का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नेल्सन मंडेला पीस एवं कनफ्लिक्ट रिजोल्यूशन केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

अतीत में, उन्होंने प्रमुख सरकारी संगठनों और प्रमुख थिंक टैंकों, जैसे कि नई दिल्ली स्थित रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए) में पदों पर कार्य किया है। वे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, विदेश नीति और सुरक्षा अध्ययन में विशेषज्ञता रखते हैं, जिनका मुख्य विषय ईरान, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में संघर्ष और शांति के मुद्दे, दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में शांति स्थापना और ईरान-चीन आर्थिक, राजनीतिक और रक्षा संबंध हैं।

प्रो. रिज़वी अप्रैल 2022 से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) कोर्ट के विजिटर नॉमिनी हैं और मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयूयू), हैदराबाद के इंस्टिट्यूशनल अकेडमिक इंटीग्रिटी पैनल (आईएआईपी) के बाहरी सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं, इसके अलावा वे जेएमआई के कई केंद्रों और विभागों के बोर्ड में भी कार्यरत हैं। एएमयू से राजनीति विज्ञान (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) में पीएचडी प्राप्त प्रो. रिज़वी, तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली से डॉक्टरेट अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता रहे हैं।

एक प्रखर विद्वान, प्रो. रिज़वी ने भारत और विदेशों के विद्वानों से अपने काम के लिए व्यापक मान्यता प्राप्त की है।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी